तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 21 फुट ऊंचे गजानन, 111 फुट पद्मनाभ स्वामी मंदिर डिजाइन का पंडाल बनेगा आकर्षण का केंद्र



# बस संचालकों की मनमाना किराया वसूली पर कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

परिवहन विभाग ने राज्यभर में टूरिस्ट परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों को नोटिस जारी कर दिया है। जल्द ही उन बसों का परमिट निरस्त किया जाएगा। जिले के भी दो दर्जन से अधिक बस संचालकों को नोटिस दिया गया है। राज्य में कुल 11 सौ बसों में से 6 सौ से ज्यादा बसें ऐसी हैं, जिनके नियमित परमिट का नवीनीकरण नहीं हुआ है। इन्हें जल्द नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। नवीनीकरण नहीं कराने और नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछले सप्ताह परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने प्रदेशभर में जांच अभियान चलाया। इस दौरान 50 से अधिक टूरिस्ट परमिट वाली बसें पकड़ी गईं, जो नियमों को दरकिनार कर नियमित यात्री सेवाएं दे रही थीं। इनमें सबसे ज्यादा मामले रायपुर में सामने आए, जहां 17 बसों में गड़बड़ी पाई गई। परिवहन विभाग के अनुसार टूरिस्ट परमिट केवल पर्यटन, तीर्थयात्रा या विशेष अवसर के लिए जारी किया जाता है। इसके तहत यात्रियों की सूची, यात्रा समय और मार्ग का विवरण देना अनिवार्य है। लेकिन कई बस संचालक इसे लेकर नियमित अंतरराज्यीय और अंतरजिला सेवाएं चला रहे हैं, जिससे वे सामान्य परमिट पर लगने वाले टैक्स से बच रहे हैं। टूरिस्ट परमिट पर लगने वाला टैक्स, सामान्य यात्री परमिट की तुलना में काफी कम होता है। इसी का फायदा उठाकर बस संचालक कम खर्च में अधिक कमाई कर रहे हैं। इसी कारण, राजस्व में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने पर विभाग को संदेह हुआ और जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि टूरिस्ट परमिट लेकर कई बस संचालक यात्रियों से सीटों की बुकिंग कर मनमाना किराया वसूल रहे हैं, जबकि नियम के अनुसार केवल समूह यात्रा की अनुमति होती है। खासकर दूसरे राज्यों के लिए चलने वाली अधिकतर बसें टूरिस्ट परमिट के तहत ही संचालित हो रही हैं।

## 2 दर्जन से अधिक बस संचालकों को जारी किया गया है नोटिस



### सड़क पर होगी नियमित जांच

जिला परिवहन विभाग अब नियमित जांच अभियान चलाकर टूरिस्ट परमिट का दुरुपयोग करने वाली बसों को सड़क पर ही पकड़कर कड़ी कार्रवाई करेगा। बस संचालक को सख्त चेतावनी दी गई है कि टूरिस्ट परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने पर परमिट रद्द किया जाएगा। यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने पर भारी जुर्माना लगेगा, बसें जब्त होंगी और टैक्स चोरी और धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए जाएंगे। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अब नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टूरिस्ट परमिट का दुरुपयोग करने वाले बस संचालकों पर कानूनी शिकंजा कसना तय है।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता की थीम पर आधारित होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**कोरबा।** जिले में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का महाअभियान 15 अगस्त तक संचालित होगा। यह कार्यक्रम हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित होगा। जिला प्रशासन व निगम प्रशासन पे सभी लोगों से आग्रह किया है वे अपने-अपने घरों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। इस राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी आंदोलन के गौरवशाली स्वयंसेवक बने, इस कार्य में सभी की सहभागिता व सहयोग आवश्यक है। भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत पूरे प्रदेश के साथ-साथ कोरबा जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला व निगम प्रशासन द्वारा कोरबा जिले के अंतर्गत शासन के सभी विभागों, संस्थाओं, आमनागरिकों की भागीदारी के साथ-साथ सार्वजनिक उपक्रमों, स्वसहायता समूहों, सामाजिक संगठनों की भागीदारी ली जा रही है।

### शासकीय कार्य में लापरवाही पटवारी निलंबित

**कोरबा।** कलेक्टर ने बरपाली तहसील अंतर्गत पटवारी श्रीमती आभा सोनी को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर यह कार्यवाही की है। जारी आदेश के अनुसार श्रीमती आभा सोनी, पटवारी हल्का नंबर 4 (सण्डैल) राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील बरपाली को जारी कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में प्राप्त जवाब प्रतिवेदन संतोषप्रद नहीं पाया गया। पटवारी श्रीमती सोनी द्वारा अपने पदीय क्षेत्र के शासकीय कार्यों के दायित्वों का निर्वहन करने के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरती गई है। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1) नियम 3 (क) (ख) (ग) के तहत उल्लघंन है। इस हेतु छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 नियम 9 के तहत श्रीमती आभा सोनी, को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जटगा, तहसील पसान नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### 162 पीडीएस दुकानों के लिए बनेंगे भवन

**कोरबा।** ग्रामीण अधोसरंचना को मजबूती प्रदान करने जिला खनिज संस्थान न्यास मद से जिले के सभी विकासखण्डों में 162 नए उचित मूल्य की राशन दुकान निर्माण हेतु 20 करोड़ 08 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके अंतर्गत विकासखंड कोरबा में 23, कटघोरा में 12, पाली में 64, करतला में 12 एवं पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में 51 नए पीडीएस भवन का निर्माण किया जाएगा।

## दोनों कोल ब्लॉकों में 52.5 लाख टन सालाना कोयला उत्पादन का अनुमान

# कमर्शियल माइनिंग के तहत जिले के दो कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मंत्रालय ने कमर्शियल माइनिंग के 12वें दौर के अंतर्गत राज्य के तीन कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली है। इन कोल ब्लॉकों में जिले के रजगामार के दो कोल ब्लॉक भी शामिल हैं। रजगामार डिपसाइड देवनारा कोल ब्लॉक को टीएमसी (मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड) व रजगामार डिपसाइड साउथ आफ फुलकडीह मिवान स्टील लिमिटेड को आबंटित की गई है।

उल्लेखनीय है कि कोल मंत्रालय का यह कदम न केवल राज्य की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ावा देगा, बल्कि राजस्व के लिहाज से भी इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इन खदानों से आने वाले वर्षों में कुल 52.5 लाख टन कोयले के वार्षिक उत्पादन की उम्मीद है। इससे राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाने में मदद मिलेगी। कोल मंत्रालय के मुताबिक इस नीलामी से देश को सालाना करीब 719.90 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। सात ब्लॉकों की इस नीलामी में अधिकांश खदानें कोरबा (छत्तीसगढ़) और झारखंड जैसे कोयला समृद्ध राज्यों में स्थित हैं। कोयला मंत्रालय की तरफ से 12वें दौर की नीलामी के लिए 6 भूमिगत कोल ब्लॉक्स को सूचीबद्ध किया गया था। 6 में केवल 2 कोल ब्लॉक रजगामार डिपसाइड देवनारा और रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह के लिए 14 बोलियां मिलीं हैं। 8 कंपनियों ने बोलियां जमा की थी। दोनों भूमिगत कोल ब्लॉक जिले में स्थित है। रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। पूर्व में इस खदान को एपीआई इस्पात एंड पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड और सीजी स्पंज मैन्यूफैक्चर्स कंसोर्टियम कोलफील्ड्स लिमिटेड को आबंटित किया गया था। इसी तरह रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह नाला में 61.697 मिलियन टन कोयला भंडार है। इस कोल ब्लॉक क्षेत्र में 89 फीसदी जंगल है। पूर्व में मोनेट इस्पात एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एवं टॉपवर्थ स्टील प्राइवेट लिमिटेड को आबंटित किया गया था। दोनों खदानों की आबंटित कंपनियों के कोयला घोटाले में नाम आने के बाद आबंटन निरस्त कर दिया गया था। आखिरकार अब कोल माइंस के 12वें दौर में इन दोनों कोल ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कुल ब्लॉकों की नीलामी पूरी की गई है, जिनमें एक रायगढ़ का कोल ब्लॉक भी शामिल है।

### खास बातें

- नीलामी में रजगामार डिपसाइड देवनारा व रजगामार डिपसाइड साउथ आफ फुलकडीह कोल ब्लॉक शामिल
- राज्य को मिलेगा ऊर्जा उत्पादन में बढ़त और करोड़ों का राजस्व
- 12वें दौर की नीलामी के लिए 6 भूमिगत कोल ब्लाक किया गया सूचीबद्ध



फाइल फोटो

### कमर्शियल माइनिंग उद्देश्य

कमर्शियल कोल माइनिंग की प्रक्रिया निजी कंपनियों को खनन क्षेत्र में शामिल कर, कोयला उत्पादन को वाणिज्यिक स्तर पर बढ़ाने का प्रयास है। इससे न केवल कोयला आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को भी बल मिलेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस कदम से छत्तीसगढ़ को ऊर्जा राजधानी के रूप में और अधिक मजबूती मिलेगी, साथ ही उद्योगों को ईंधन आपूर्ति में स्थिरता आएगी।

# जेल ब्रेक के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, दो की तलाश जारी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला जेल से फरार हुए दो विचाराधीन बंदियों को पड़ोसी जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि फरार दो आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 2 अगस्त को जिला जेल के चार विचाराधीन बंदी बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट निवासी सरना सिंकू पिता शंकर सिंकू, पड़ोसी जिला रायगढ़ के घरघोड़ा निवासी चंद्रशेखर राठिया पिता सूरज प्रसाद राठिया, रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूलसीडीह निवासी राजा कंवर पिता टिकाराम कंवर, सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबहार निवासी दशरथ सिदार पिता प्रताप सिंह सिदार जिला जेल से फरार हो गए थे। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि इसमें से दो आरोपियों को पड़ोसी जिला रायगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि गिरफ्तारी को लेकर किसी भी पुलिस अधिकारी ने अधिकारित पुष्टि नहीं की है। वहीं दूसरी ओर से जेल से फरार हुए कैदियों के मामले में जेल प्रबंधन ने सहायक जेल अधीक्षक सहित 3 जेल प्रहरियों को भी निलंबित किया है। हालांकि इसकी भी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब देखना है कि बाकि फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी कब तक हो पाती है।

### खास बात

- सहायक जेल अधीक्षक सहित 3 जेल प्रहरी पर गिरी निलंबन की गाज

# बने खाबो बने रहबो अभियान के तहत मिठाइयों की जांच, लिए गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में चलाए जा रहे बने खाबो बने रहबो अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अभियान के तहत मंगलवार को जिले में विभिन्न होटल और मिठाई दुकानों से खाद्य सामग्री के नमूने जांच के लिए लिए गए, जिनमें विजय श्री होटल से मलाई चाप, मिल्क केक, कलाकंद, ऐश्वर्या स्वीट्स टीपी नगर से बेसन लड्डू, मिल्क केक, कलाकंद, दुर्गा स्वीट्स कोसाबाड़ी से सोनपापड़ी, नारियल लड्डू, बेसन लड्डू, काजू कतली, प्रीति होटल जमनीपाली से मलाई बर्फी, मिल्क केक, श्याम स्वीट्स बाकीमोगरा से नारियल बर्फी, काजू कतली, बूंदी लड्डू सहित सभी सेंपल खाद्य उत्पादों के नमूने रायपुर स्थित फूड लैब को जांच के लिए भेजे गए हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य डेयरी उत्पादों, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड में मिलाए जा रहे खाद्य एवं अखाद्य रंगों की जांच की जाए। इसके अलावा अखबार के कागज का उपयोग बंद कराना, पैकेजिंग मटेरियल की गुणवत्ता, खाद्य तेलों की शुद्धता, एफएसएसएआई मार्क वाले उत्पादों का प्रयोग, बेस्ट बिफोर डेट की जांच, खाद्य परिसरों की साफ-सफाई और रसोई की हाइजीन कंडीशन, फूड हैंडलर्स को एफएसएसएआई नियमों की जानकारी देना है। बने खाबो बने रहबो अभियान का उद्देश्य जनता को स्वच्छ, सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। इस तरह के सघन निरीक्षण से खाद्य विक्रेताओं में अनुशासन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पाद मिल सकें।



कार्यवाही करती विभाग की टीम।

# हाथियों का नहीं थम रहा उत्पात रौंदी फसल, ढहाया मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां के जंगलों में बड़ी संख्या में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात जहां कोरबा वनमंडल के कोल्गा एवं कमरन गांव में ग्रामीणों के खेतों में उत्पात मचाते हुए बड़ी मात्रा में धान की फसल को रौंद दिया। वहीं कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के कोटमर्रा नामक गांव में एक ग्रामीण महिला के मकान को ढहा दिया। झुण्ड से अलग विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी ने भी कुदमुरा रेंज के तौलीपाली एवं कुदमुरा में उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के मकान को ढहा दिया। हाथियों के बढ़ते उत्पात से ग्रामीणों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज के कोल्गा क्षेत्र में 25 हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि कोरबा रेंज के कमरन गांव में 25 हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। कोल्गा में विचरण कर रहे हाथियों के झुण्ड ने बीती रात ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया और आधा दर्जन ग्रामीणों की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। कोरबा रेंज के कमरन गांव में मौजूद हाथियों ने भी उत्पात मचाते हुए 15 से अधिक ग्रामीणों के धान की फसल को तहस-नहस कर दिया है।






## खबर संक्षेप



### स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान विवाद की स्थिति, लौटना पड़ा वापस

**अंबिकापुर।** सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को पुनः स्मार्ट मित्र लगाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। शासन ने यह नीति निर्धारित की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह उपभोक्ता के इच्छा पर है कि वो चाहे तो स्मार्ट मीटर लगवाये अथवा पुरानी व्यवस्था को चुने। स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिलिंग की ठोस शिकायत और भविष्य में प्रीपेड बिलिंग की जानकारी के कारण ग्रामीण स्मार्ट मीटर की व्यवस्था को अपनाने को तैयार नहीं हैं। पूर्व में भी दरिमा क्षेत्र में इसे लेकर ग्रामीणों और स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों में टकराव की स्थिति बन चुकी है। मंगलवार को दरिमा में ठेका कर्मचारी ग्रामीणों की सहमति के बगैर उनके घरों में मीटर बदल स्मार्ट मीटर लगा रहे थे जिससे तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। इस बात की सूचना पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता और दरिमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती वायु सिंह मौके पर पहुंचे और विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर मीटर बदलने के काम को रुकवाया।

### बोलेरो में मवेशियों की तस्करी वाहन छोड़कर भागे तस्कर

**सीतापुर।** क्षेत्र में पशु तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर बेखौफ होकर मवेशियों को वाहनों में भरकर उन्हें बूचड़ खाना लेकर जा रहे है। बीती रात भी मवेशियों से भरी बोलेरो वाहन के खराब होने पर तस्कर वाहन व मवेशियों को छोडकर फरार हो गए। वाहन में बंद पशुओं के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने मवेशियों को बाहर निकाला। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुरानी बस्ती क्षेत्र में बीती रात तस्कर बोलेरो वाहन में पशुओं को भरकर जा रहे थे। जैसे ही वो पुरानी बस्ती के निवासी जगदंबा गुप्ता के घर के पास पहुंचे तस्करों की गाड़ी खराब हो गई। तस्करों ने वाहन को ठीक करने का प्रयास किया लेकिन जब वाहन ठीक नहीं हुआ तो तस्कर वाहन को छोड़कर फरार हो गए।

## भवन की समस्या बनी बाधा

# एसजीजीयू ने शासन को भेजा 24 विषयों का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- उधार के भवन में हो रहा यूटीडी का संचालन

संत गहिरा गुरू विवि ने शिक्षण विभाग के विस्तार की योजना बनाई है तथा शासन के रोजगार परक विभिन्न 24 विषयों का शिक्षण प्रारम्भ करने का प्रस्ताव भेजा है। विवि ने पिछले साल भी शासन को विभिन्न 24 विषयों का प्रस्ताव भेजा था। इस बार के प्रस्ताव में पिछले साल के विषयों में व्यापक बदलाव किया गया है।

शासन द्वारा संत गहिरा गुरू विवि की स्थापना वर्ष 2008 में की गई थी। विवि की स्थापना होने के पूर्व से ही गुरूघासी दास विवि द्वारा जिला मुख्यालय में फार्मेसी एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग का संचालन किया जा रहा था। विवि की स्थापना होने के बाद गुरूघासी दास विवि ने दोनों संकायों के संचालन की जिम्मेदारी एसजीजीयू को सौंप दी। विवि द्वारा वर्ष 2011 में बायोटेक्नालॉजी एवं फार्म फारेस्ट्री विभाग का संचालन प्रारंभ किया गया। इसके बाद वर्ष 2014 में शिक्षण विभाग अंतर्गत प्रयोजन मूलक हिन्दी, विधि एवं पर्यावरण संकाय की पढ़ाई प्रारम्भ की गई। अभी तक विवि के भकुरा परिसर में भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है जिसके कारण शिक्षण विभाग का संचालन अभी भी उधार के भवनों में हो रहा है। समस्या होने के कारण कई बार भवनों को बदलना भी पड़ा। लम्बे समय तक अलग-अलग भवनों में विभागों का संचालन किया गया। वर्तमान में सभी विभागों का संचालन मणिपुर कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन में किया जा रहा है जहां एक-एक कमरे में विभागों का संचालन किया जा रहा है। शिक्षण विभाग के विस्तार की योजना को दूरस्थ सरगुजा अंचल के लिए अच्छी पहल साबित हो सकती है लेकिन विभिन्न 24 संकायों के संचालन के लिए जगह की व्यवस्था करना विवि प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। वर्तमान में शिक्षक विभाग में संचालित संकायों के लिए भी पर्याप्त जगह की व्यवस्था नहीं है ऐसे में नए संकायों के लिए भवन की व्यवस्था करना आसान नहीं है। विवि ने अधूरे भवनों के निर्माण हेतु शासन को 20 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भेजा है जिसकी स्वीकृति आगामी बजट में मिलने की संभावना जताई जा रही है।

राशि स्वीकृति मिलने के बाद अधूरे भवनों का निर्माण पूरा होने में भी लम्बा समय लगने की संभावना है। हालाकि विवि के अधिकारी शैक्षणिक विभागों के लिए जगह की व्यवस्था करने तथा विभागों के संचालन में कोई समस्या नहीं होने का दावा कर रहे है।



एसजीजीयू के भकुरा परिसर में आधे-अधूरे भवन।

### इन विषयों की मांग

विवि द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजकर आर्यावर्त सांस्कृतिक संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र, नाट्यशास्त्र, नाड़ी शास्त्र एवं परम्परागत चिकित्सा पद्धति, योग दर्शन, स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स फाइनेंस एवं डेवलपमेंट, ललित कला, सरल एण्ड ट्राइबल डेवलपमेंट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पत्रकारिता, एडवांस मैथमेटिक्स, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एण्ड बायोनिक्स, मिलिट्री साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एण्ड रोबोटिक स्टेंस, मनोविज्ञान, बायोकेमिस्ट्री, पुस्तकालय शिक्षण विभाग, शारीरिक शिक्षण विभाग, मैनेजमेंट स्टडी सेंटर, प्योर एण्ड अपलाएड स्टेटिकक्स, बायो फिजिक्स, इम्यूनोलॉजी, नैनो बायोलॉजी, स्टीम सेल एण्ड कैंसर बायोलॉजी एण्ड केमेस्ट्री विषय शामिल है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

विवि द्वारा शासन को शिक्षण विभाग अंतर्गत विभिन्न 24 विषयों का अध्यापन प्रारंभ करने का प्रस्ताव भेजा गया है। पाठ्यक्रमों के संचालन में भवन की बाधा आड़े नहीं आएगी। शासन की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

## सिस्टम अपडेट के चक्कर में डाक सेवा हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

डाकघर में सिस्टम अपडेट की वजह से डाकसेवा बुरी प्रभावित हो गई है। रक्षाबंधन के पर्व के अवसर पर सेवा ठप्प होने से राखी समेत अन्य जरूरी पार्सल सेवा प्रभावित हो गया है।नगर में निजी कुरियर सेवा सीमित होने से लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। बहनों को राखी भेजने के लिए निजी कुरियर सेवा में लंबी लाइने लगानी पड़ रही है। राखी को लेकर बहनों को ये चिंता सताने लगी है कि समय पर राखी नहीं मिला तो कही भाइयों की कलाई सुनी न रह जाए। विदित हो कि नगर के डाकघर में सिस्टम अपडेट होने की वजह से डाकसेवा पूरी तरह प्रभावित हो गई और डाकघर में वीरानी छाई हुई है। 9 अगस्त को रक्षा बंधन मनाया जाना है और इसके पूर्व बड़ी संख्या में महिलाएं अपने भाइयों को राखी भेजने के लिए सुबह से डाकघरों पर पहुंचीं थीं लेकिन सिस्टम अपडेट होने के कारण डाकसेवा ठप होने की वजह से घंटों इंतजार के बाद भी उनका काम नहीं हो सका। कई लोग जरूरी दस्तावेज और पार्सल लेकर पहुंचे थे जिन्हें निराश लौटना पड़ा।

## पीएम सूर्यघर योजना से मिलेगी राहत

**अम्बिकापुर।** शासन द्वारा वर्षों से विद्युत उपभोक्ताओं को दी जा रही छूट की सीमा 400 यूनिट में कटौती कर 100 यूनिट करना भले ही लोगों को अटपटा लग रहा हो लेकिन विद्युत अधिकारियों का कहना है कि छूट में की गई कटौती का असर सरगुजा की बड़ी आबादी पर नहीं पड़ेगा। शासन ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध प्रयास कर रहा है। ग्रीन एनर्जी को अपनाकर उपभोक्ता निःशुल्क विद्युत उपयोग करने के साथ अतिरिक्त बिजली विभाग को बेचकर अच्छी कमाई कर सकता है। शहर विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता एसपी कुमार एवं ग्रामीण विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता रोशन नागवंशी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि सरगुजा के 80 फीसदी उपभोक्ता कम विद्युत का उपयोग करते हैं।



# लैलूंगा रेंज से होते हुए ओडिशा सीमा में पहुंचा बाघ

**रायगढ़।** लैलूंगा रेंज में विचरण कर रहे बाघ की ओडिशा सीमा में पहुंचने की जानकारी सामने आई है। हालांकि बाघ वापस रायगढ़ जिले में आ सकता है, इसलिए वन विभाग की टीम द्वारा लगातार ट्रैकिंग कर रही है। दरअसल अब तक किसी ग्रामीण या वन विभाग की टीम ने बाघ को नहीं देखा है। इतना ही नहीं विभाग द्वारा लगाए गए 10 ट्रैप कैमरों में भी बाघ की तस्वीर कैद नहीं हो पाई है, लेकिन छाल के बाद घरघोड़ा और फिर लैलूंगा रेंज में कई स्थानों पर उसके पदचिन्ह मिले हैं। बताया जा रहा है कि उक्त बाघ लैलूंगा रेंज के जंगल से ओडिशा की ओर आगे बढ़ गया है, जहां ओडिशा के जंगलों में भी उसी वन्यप्राणी के पदचिन्ह देखे गए हैं। ज्ञात हो कि बाघ के पदचिन्ह सबसे पहले 29 जुलाई को छाल रेंज के हाटी गांव में देखे गए थे। इसके बाद यह पुरुंगा, सामरसिंघा होते हुए लैलूंगा रेंज की ओर बढ़ा। सोमवार को इसके पदचिन्ह नहरकेला और गेरूपानी के पास मिले। वन विभाग ने अनुमान लगाया है कि यदि बाघ आगे बढ़ता है तो वह ओडिशा की सीमा में प्रवेश करेगा। यदि लौटता है तो तमनार रेंज की ओर आएगा। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि बाघ लिबरा बीट के जुमना जंगल को पार कर ओडिशा के जंगल में पहुंच गया है। इस जानकारी के बाद धरमजयगढ़ वन मंडल के अधिकारियों ने ओडिशा के वन विभाग को इस बारे में सूचना दी है। बाघ अब ओडिशा के जंगल में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में ओडिशा की सीमा से लगे गांवों में भी मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

### सोशल मीडिया में वायरल होता रहा रहा फेक वीडियो

मंगलवार की सुबह से सोशल मीडिया प्लेटफार्म वाट्सअप और फेसबुक में एक फेक वीडियो तेजी से वायरल होता रहा। जिसमें कहा जा रहा था कि उक्त वीडियो लैलूंगा के गेरूपानी पुल का है, जिसमें बाघ पुल की रेलिंग में बैठ कर दहाड़ता नजर आ रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि उक्त वीडियो मध्य प्रदेश के छतरपुर का है, जोकि एक माह पहले सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इस संबंध में धरमजयगढ़ वन मंडल के अधिकारी भी उक्त वीडियो को फेक बताते हुए अफवाहों से बचने की बात कर रहे हैं।

### पार्षद की गाड़ी की टक्कर से 7 साल की मासूम की मौत

**बिलाईगढ़।** मंगलवार सुबह बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र में हुई एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। वार्ड क्रमांक 13 निवासी 7 वर्षीय प्रगति देवार, पिता सेतलाल देवार की मौत पार्षद की गाड़ी की टक्कर से हो गई।जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9.30 बजे प्रगति घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। तभी वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद धनीराम देवांगन अपनी निजी गाड़ी तेज रफ्तार में चला रहे थे। अचानक नियंत्रण खोने से गाड़ी ने मासूम को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।



## खबर संक्षेप



### आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर औषधीय पौधों का किया गया वितरण

**कोरबा।** प्राकृतिक सम्पदा को सम्पुष्ट करने व पर्यावरण संरक्षण करने के लिए आयुर्वेद मनीषी परम पूज्य आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस 4 अगस्त को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाते हुए पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग शिक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में भाजपा कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर तथा मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के कार्यकारिणी सदस्य संजय शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा की अध्यक्षता में एवं श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा की विशेष उपस्थिति में जड़ी बूटी एवं औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय निहारिका रोड कोरबा छत्तीसगढ़ में 4 अगस्त को किया गया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने भारत माता, आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धन्वन्तरी, स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण के तैल्य चित्र पर तिलक कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत औषधीय पौधे भेंट कर पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय के सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, सुलोचना यादव एवं सिमरन जायसवाल ने किया। स्वागत के पश्चात अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नाड़ीवैद्य डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने कार्यक्रम के विषय मे विस्तार से बताते हुए औषधीय पौधों को ही धरती पर साक्षात ईश्वर का स्वरूप बताया। विशिष्ट अतिथि द्वय डॉ.राजेश राठौर तथा संजय शर्मा ने कार्यक्रम की उन्मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुये इसे जनोपयोगी बताया।

### गुरु शिष्य परंपरा व्यास पूजा का किया आयोजन

**कोरबा।** बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निदेशक डॉ.अशोक कुमार श्रोती राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.नीता वाजपेयी अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज कुमार सिन्हा और जिला संगठक वाई के तिवारी के निर्देशन में तथा प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन के साथ भारतीय शिक्षण मंडल के विशेष अपील में आज गुरु शिष्य परंपरा व्यास पूजा का आयोजन रखा गया। इसके लिए इस पूजा आयोजन को महर्षि वेदव्यास के जन्म जयंती आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा के तारतम्य में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य गुरु शिष्य परंपरा को मजबूत एवं प्रगाढ़ बनाना है। राजेन्द्र कुमार नायक कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्राचीनकाल से ही गुरु शिष्य के बीच अपरंपार संबंध व श्रद्धा दया स्नेह आज्ञाकारिता रहा है, जो वर्तमान समय में आधुनिकता के कारण कमी महसूस किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से गुरु शिष्य के बीच परस्पर संबंध को बनाने के लिए यह आयोजन आवश्यक हैं।

### किसान संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त राशि अंतरण के अवसर पर आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समिति क्षेत्र से आए किसानों को टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री के किसान सम्मान निधि योजना की किसानों के खाते में सीधे अंतरण राशि का लाइव प्रसारण दिखाया गया। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत आयोजित किसान संगोष्ठी में इफको कंपनी इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड के द्वारा अपने रासायनिक उर्वरकों, नैनो यूरिया, डीएपी एवं अन्य तरल उत्पाद की उपयोगिता प्रयोग विधि एवं उसके गुणवत्ता लाभ के बारे में उपस्थित किसानों को इफको कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन तिवारी के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## पीएचई ने शासन को भेजा स्वीकृति के लिए

# पहाड़ी नाले के पानी का होगा उपयोग, तीन समूह जल प्रदाय योजना का बना प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

पहाड़ी क्षेत्रों में भूमिगत जल स्त्रोत के लगातार नीचे जाने के कारण इन क्षेत्रों में पानी के संकट को देखते हुए पहाड़ी नालों का उपयोग करने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने तीन नए प्रोजेक्ट तैयार स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेज दिया गया है। तीनों प्रोजेक्ट से 160 की आबादी को पानी मिलेगा। जिसके लिए बीते तीन वर्ष से लगातार विभाग की ओर से प्रयास किया जा रहा था।

विभागीय योजनाओं के तहत ग्रामीण अंचलों में जिन गांव में भूमिगत जल स्त्रोत नीचे जा रहा है ऐसे क्षेत्रों में पेयजल के लिए गांव के आसपास बहने वाले नालों के पानी का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए पीएचई विभाग ने पूर्व में चोटिया जलावर्धन योजना को तैयार कर उसको मूर्तरुप दिया था जिससे 29 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसी कड़ी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा तीन नए प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। समूह जल प्रदाय नाम से तीन प्रोजेक्ट को तैयार करने का काम बीते तीन वर्ष से चल रहा था लेकिन राज्य शासन से स्वीकृति नहीं मिलने के कारण प्रोजेक्ट पर काम शुरु नहीं हो सका था। एक बड़ी राशि तीनों प्रोजेक्ट में खर्च होने के कारण राज्य शासन ने इसे नए सिरे से प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजने का निर्देश दिया था। जिसके तारतम्य में पीएचई विभाग ने इस प्रस्ताव को राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेज दिया है।

**खास बातें**

- पूर्व में बने एनीकट के पानी का नहीं हो रहा था जनमानस के लिए उपयोग
- कुदुरमाल, झिमपुरी और बेला के नाम से है जल प्रदाय प्रोजेक्ट

**ऐसे होगा काम**

एनीकट के किनारे इंटकवेल का निर्माण किया जाएगा और वहां से पानी पाइप लाइन के जरिये गांव तक पहुंचाया जाएगा। विभाग की मानें तो जहां दो स्थिति रहेगी उस दृष्टि से कार्य किया जाएगा। जहां एनीकट के समीप तैरता हुआ पंप का उपयोग किया जाएगा, इसका उपयोग कुदुरमाल और गहनिया एनीकट में होगा।

**भूमिगत जल स्तर कम है इन क्षेत्रों में**

विभाग के द्वारा झिनपुरी, कुदुरमाल, बेला जल प्रदाय योजना का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इन तीनों ग्रामों में भूमिगत जल स्त्रोत नीचे है। इसलिए पहाड़ी नालों और नदी के पानी का उपयोग किया जाएगा। स्वीकृति के लिए इस प्रस्ताव को शासन को भेजा गया है।

-**रमन उरांव,** कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

**ये है समूह योजनाएं**

0 झिनपुरी जल प्रदाय योजना – इस योजना अंतर्गत हसदेव नदी के किनारे इंटक वेल का निर्माण किया जाएगा। इसमें 76 गांव के 21 हजार 929 घर तक पानी पहुंचाया जाएगा। इसमें 218 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

0 कुदुरमाल एनीकट - इस योजना अंतर्गत पूर्व में बने एरिगेशन के एनीकट से पानी लेकर गांव में पहुंचाया जाएगा। इसमें 72 गांव के 25 हजार 689 घरों में पानी पहुंचेगा और लागत 32 करोड़ रुपए पहुंचेगी।

0 बेला समूह जल प्रदाय – इस योजना अंतर्गत ग्राम गहनिया में बने एनीकट से पानी लेकर 10 गांव के 3 हजार 201 घरों में नल कनेक्शन देकर पानी पहुंचाने की तैयारी है। इसकी कुल लागत 32 करोड़ आंकी गई है।

### राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

6वीं महिला राज्य स्तरीय योगासना प्रतियोगिता सीएसईबी सीनियर क्लब में आयोजित की गई। जिसमें 20 जिलों से लगभग 180 प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें 10 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक के खिलाडी शामिल हुए। सभी जीते हुए प्रत्याशी को उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर संजू देवी राजपूत के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिले के सचिव संजय कुर्मवंशी ने कहा कि 5 कैटागेरी मे 12 प्रकार के योगासन हर प्रतिभागी द्वारा किया गया। तीन दिवसीय महिला राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने में कोरबा योगासना की समिति जिसमें अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, कोषध्यक्ष इंद्रानारायण जायसवाल, सहसचिव विनीता दीक्षित, उपाध्यक्ष सचिन, टेक्निकल राकेश साहू, सदस्य दुर्गेश राठौर, दुर्गेश तिवारी, सुनील अग्रवाल, अश्वनी राजपूत, मनोज सोनी, ज्योति दास, वृंदा चौहान का विशेष योगदान रहा। छतीसगढ़ राज्य योगासना स्पोर्ट्स के अध्यक्ष जयंत भारती गोस्वामी का विशेष योगदान रहा साथ मे शैलेन्द्र विशी, संजय वस्त्रोकार, डोमेन्द्र देवांगन, भोजेंद्र साहू भी योगदान रहा।

### पूर्व राजस्व मंत्री ने मंडल व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सोमवार को संगठन के कायाकल्प अभियान के तहत दर्री एवं जमनीपाली मंडल कांग्रेस कमेटी के तथा दर्री ब्लॉक के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व राजस्व मंत्री ने कोरबा विधानसभा के सभी ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के साथ साथ जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, कांग्रेस अनुसूचित विभाग, कांग्रेस अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ में आशाजनक वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध नेतृत्व को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री अग्रवाल ने कहा कि हमें कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में प्रतिबद्ध ऐसे लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह साथ खड़े रहे। ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती से खड़ा करना हमारी जिम्मेदारी है। इनके लिए बूथ कमेटी के गठन के लिए मेहनत करनी होगी और बूथ स्तर पर जाकर गठन करना होगा। कोरबा ब्लॉक प्रभारी एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर जैन ने कहा कि हमारे सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। इन दिनों चुनाव में मतदाता सूची में हेरफेर का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके बारे में राहुल गांधी लगातार सवाल उठा रहे हैं। श्री जैन ने आगे कहा कि हमारे समर्थकों के नाम सूची से काट दिए जाते हैं या नाम हटाकर बगल के बूथ में जोड़ दिया जाता है, जिससे मतदाता परेशान होकर वोट ही ना डाले ऐसे में हमें सचेत रहने की और समर्थकों को जागरूक करने की जरूरत है। दर्री ब्लॉक प्रभारी मुकेश राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जमीनी स्तर पर जाकर कर्मठ कार्यकर्ता और नए लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है। भरोसेमंद और कांग्रेसी विचारों से मजबूत लोगों को संगठन में स्थान देना होगा। ऐसे कर्मठ और जमीनी स्तर के मजबूत लोग पार्टी के लिए बहुत कारगर होते हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि कई बार पार्टी की मजबूती के लिए जल्दबाजी में कई लोगों को शामिल कर लिया जाता है पर विचारधारा में कमजोर लोग मुश्किल समय में नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। इस पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल स्वयं निगरानी रख रहे हैं।

### संविदा कर्मियों को नियमितीकरण का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक में उपस्थित बीएमएस के सदस्य।

मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 2 व 3 अगस्त को वन चेतना केंद्र सकरी में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती शोभा सिंहदेव ने की तथा संचालन महामंत्री दिनेश पांडेय के द्वारा किया गया। इन दो दिवसीय बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी सुरेंद्रन एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही केंद्रीय पदाधिकारी अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी आरएस जायसवाल, कार्यसमिति सदस्य व राष्ट्रीय पर्यावरण मंच प्रभारी लक्ष्मण चंद्रा का सानिध्य मिला। बैठक में पिछले 6 माह में किये गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाई गई। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में 8 पंजीकृत यूनियनों को भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्धता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें छत्तीसगढ़ में औद्योगिक ट्रिब्यूनल कोर्ट की स्थापना किये जाने। छत्तीसगढ़ में प्रसाशनिक न्यायायिक प्राधिकरण की स्थापना किये जाने। छत्तीसगढ़ में भी हरियाणा सरकार के तर्ज पर ठेका/संविदा प्रथा बंद किये जाने एवं प्रथम नियोक्ता के द्वारा कर्मचारियों को सीधे भुगतान किये जाने। गिग वर्कर्स (जोमैटो, स्विगी आदि) वर्करों के लिए बोर्ड गठित करने, आदि प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश सरकार को भेजे जाएंगे। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों द्वारा वन चेतना केंद्र, सकरी के प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया गया। बैठक में पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नरोत्तम धृतलहरे को छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किये गए।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलाकछार निवासी जितेंद्र कुमार 40 वर्ष रात को खाना खाकर अपने बिस्तर पर सोया हुआ था। इसी दौरान देर रात को किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जब परिजनों को पता चला तो उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान जितेंद्र की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण

**कोरबा।** निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने नेहरूनगर स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया। वहां पर व्याप्त अव्यवस्था पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की तथा सेंटर सुपरवाईजर को हिदायत दी कि वे 3 दिवस के अंदर सेंटर की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें तथा सेंटर में कचरे के प्रबंधन एवं वहां पर संचालित गतिविधियों में आवश्यक सुधार लाएं अन्यथा आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होने सेंटर में खड़ा सफाई रिक्शें की तत्काल मरम्मत कराए जाने एवं सेंटर के बाहरी व भीतरी सभी व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## डीएमएफ से दिया जाएगा मानदेय, महिला सुरक्षा पर दिए गए निर्देश

# कन्या आवासीय विद्यालयों में होगी महिला होमगार्ड की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टीएल के विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने आश्रम-छात्रावासों में बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर डीएमएफ से जिले के सभी कन्या छात्रावासों व कन्या आवासीय विद्यालयों में महिला होमगार्ड की नियुक्ति करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत करने एवं एजेंसी चिन्हाकित करने के लिए कहा। साथ ही इस कार्य में स्थानीय लोगो को प्राथमिकता देने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन कार्य की समीक्षा करते हुए पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी धान खरीदी सीजन के लिए जिले के पंजीकृत किसानो का पोर्टल में फार्मर आईडी पंजीयन अनिवार्य है। इस हेतु पंजीयन के लिए शेष बचे किसानों का जल्द से जल्द फार्मर आईडी बनवाना सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। ई-ऑफिस कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी विभागों को कार्यालयीन कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से करना है। कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान और वयवन्दन कार्ड निर्माण की अनुविभागवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आयुष्मान व वयवन्दन कार्ड से वंचित हितग्राहियों को चिन्हांकित कर लाभान्वित किया जाए। इस हेतु पंचायतों में छूटे हुए हितग्राहियों की सूची तैयार कर शिविर के माध्यम से उनका कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही आधार अपडेशन के लंबित कार्य को भी शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। इसके लिए ऑपरेटर की आवश्यकता वाले क्षेत्रों में ऑपरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सभी का आधार सीडिंग और डीबीटी के माध्यम से भुगतान के निर्देश दिए।

### राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला महासंघ ने मनाया सावन महोत्सव



**कोरबा।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला महासंघ के द्वारा सावन उत्सव मनाया गया। श्रीमती कामायनी दुबे व कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रांतीय श्रीमती उषा पांडे के सहयोग से उनके निवास स्थान पर आयोजित गया। कार्यक्रम में सभी बहने हरे हरे परिधान में सज धज कर आई थी जिन्होंने गीत नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को भव्य बना दिया। सावन क्वीन व सावन सुंदरी क्रमशः श्रीमती स्मिता शर्मा और बिंदु तिवारी चुनी गईं। 16 श्रृंगार में प्रथम श्रीमती चेतन तिवारी द्वितीय श्रीमती ममता तिवारी चुनी गईं। प्रश्नोत्तरी में श्रीमती मीनाक्षी तिवारी प्रथम रहीं। हाउजी में ममता तिवारी, मंजू दुबे, मीनाक्षी तिवारी, बबीता चौबे, चंचल तिवारी आदि को पुरस्कार मिला। इस कार्यक्रम में संरक्षिका श्रीमती ममता दुबे, अध्यक्ष श्रीमती चंद्रबाला शुक्ला, सचिव श्रीमती ज्योत्सना दांडेकर, कोषाध्यक्ष श्रीमती मौसमी तिवारी की सहभागिता रही। श्रीमती शीतला तिवारी, श्रीमती अनुभूति तिवारी श्रीमती विनीत तिवारी, श्रीमती रजनी मिश्रा, श्रीमती हेमलता शर्मा, श्रीमती निशा दीवान, श्रीमती सविता शर्मा, श्रीमती स्वाति तिवारी उपस्थित रहीं।

### केवट समाज की महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज महिला (प्रकोष्ठ) की अगुवाई में हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। महिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम कैवर्त के द्वारा हरियाली तीज उत्सव की महत्ता पर जानकारी देते हुए शिव की शक्ति और भक्ति में प्रकाश डालते हुए बताया कि शिव भक्ति से निश्चित रूप से फलदायिनी होता हैं। हरियाली तीज उत्सव में आकर्षक झूला बांधी गई थी जिसमें सभी महिलाओं और बच्चों ने झूला झूलने के साथ फोटो खिचाने का खूब आनंद लिया। हमारे सभी महिला सदस्यों ने छत्तीसगढ़ी गाने में न। नृत्य कर खूब रंग जमाया। इसके अलावा रोचक खेलो का आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं द्वारा प्रतियोगिताओं भाग लेकर खूब मस्ती के आनंदित हुये सभी विजेताओं को आकर्षक उपहार जिला समिति के तरफ से प्रदान किया गया। मंच का संचालन श्रीमती अमृता निषाद, एवं श्रीमती ममता कटकवार द्वारा बहुत ही सुन्दर,शानदार,लाजवाब ढंग से किया गया और सभी के मन मोह को लिया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष ललित कैवर्त के मार्गदर्शन पर सुन्दर ढंग से सम्पन्न हुआ साथ ही जिला अध्यक्ष ने सभी माता बहनों को हरियाली तीज उत्सव की बधाई दी। इस अवसर पर श्रीमती अमृता निषाद,लता केवट, प्रेरणा कैवर्त, तुलसी कैवर्त ममता कटकवार तुलसी शिवकुमारी सीता देवी रेनू कैवर्त, सविता केवट,मीना कैवर्त, संतोषी कैवर्त,मंजुला कैवर्त,सीता केवट संतोषी श्रीमती पूर्व महिला अध्यक्ष माधुरी कैवर्त उपस्थित रहीं।

### छत्तीसगढ़ कलार महासभा ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** मातृशक्तियों द्वारा घण्टाघर के समीप सहस्त्रबाहु समाजिक भवन में सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु में दीप प्रज्वलित व पूजापाठ के पश्चात कार्यक्रम आरंभ किया गया। सावन उत्सव में सोलह श्रृंगार में सजधजकर उपस्थित समाज के मातृशक्तियों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा गेम व सावन झूला का भी आनंद लिया गया। ड्रा के माध्यम से सावन क्वीन चित्रलेखा बनी। कार्यकम में विष्णु बाई, कांति बाई, श्याम बाई, प्रभा, भानूमति गीता, विमला, किरण, अर्चना, रोहिणी, चित्रलेखा, माधुरी, मंजूलता, खुशबू, कुशल, नीरा, सावित्री, सिंधिया, देवसुन्दरी, रजनी, नीलम, ज्योति, नबेद, रामबाई, सुनीता, माधुरी, रामकुमारी, नेहा, यामिनी, हेमा एवं अन्य उपस्थित हुये। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष कुसुम डनसेना व सचिव सुषमा जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यकम के पश्चात उपस्थित सभी मातृशक्तियों को सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

### मनाई गई मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि

**कोरबा।** जागृति क्लब ढेलवाडीह में मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरूप यादें मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, एसईसीएल क्षेत्रीय प्रबंधक ढेलवाडीह एनके राय के द्वारा दीप प्रज्वलीत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में शिरकत करने कोरबा अंचल से पधारे प्रतिभावान गायकों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं का दिल जीत लिया। आधी रात तक लोग सुरीली गीतों का मंत्रमुग्ध होकर जमकर लुफ्त उठाते रहे। यादें मोहम्मद रफी कार्यक्रम में गायकों ने अपनी सुरीली आवाज़ एवं अपनी गीतों से महफिल को बांधे रखा, जिनमें प्रमुख रूप से धनेश देवांगन, साबिर खान, कू.अपूर्वा सिंह, सुनील मानिकपुरी आदि ने प्रस्तुति दी।





कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप



### बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष ने हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का दिया स्वीकृति पत्र

**कोरबा।** बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा ने 26 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने कहा कि कुल 53 प्रधानमंत्री आवास योजना का फार्म भरा हुआ था। जिसमें 26 हितग्राहियों का स्वीकृति पत्र पालिका में आई है एवं बाकी बचे हितग्राहियों को कुछ दिन में आने के बाद वितरण कि जाएगी। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना और इरादा है कि हर घर पक्का हो, इसी उद्देश्य से आज बांकीमोंगरा पालिका में 26 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के प्रयास से बांकीमोंगरा पालिका क्षेत्र में विकास हो, हम हमेशा तत्पर रहेंगे । इस दौरान नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अधिकारी व हितग्राही उपस्थित थे।

### डीएमएफ से चतुर्थ श्रेणी के पदों पर होगी नियुक्ति

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश एवं उद्योग, वाणिज्य एवं श्रममंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में संचालित कुल 15 शासकीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी सफाई कर्मचारी/चौकीदार की व्यवस्था हेतु शासन के द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों के अंतर्गत कुल 29 पदों के लिए एक वर्ष तक की अवधि के लिए स्वीकृति प्रदाय की गई है। उक्त 29 पदों की स्वीकृति के पश्चात सभी 15 महाविद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी पूर्ण होगी तथा महाविद्यालयों की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। उक्त हेतु राशि का व्यय जिला खनिज संस्थान न्यास के द्वारा किया जाएगा।

### संस्कृत पखवाड़ा के अंतर्गत निकाली गई संस्कृत शोभायात्रा



**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षा सेवा संस्थान के तत्वाधान में संस्कृत पखवाड़ा के अंतर्गत संस्कृत शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय की व्याख्याता संस्कृत, रेणुका लदेर के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 15 परिवहन नगर में छात्राओं ने बहुत ही उत्साह पूर्वक संस्कृत शोभायात्रा में अपनी भागीदारी निभाई। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ जयतु जयतु संस्कृत भाषा, वदतु वदतु संस्कृत भाषा, सरला भाषा संस्कृत भाषा आदि नारे जोर शोर से लगाए। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रणधीर सिंह, प्रधान पाठक बंशीलाल देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता सविता पाठक, स्वप्निल पांडे, कपिल सवैये,राजनारायण सिंह, सुमिता चौधरी, गरिमा थवाईत आदि समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### गरीब नवाज़ रिलीफ़ फाउंडेशन ने किया पौधरोपण



**कोरबा।** दावते इस्लामी के अंतर्गत कार्यरत गरीब नवाज़ रिलीफ़ फाउंडेशन द्वारा बीते दिनों विभिन्न स्थानों पर एक वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सामाजिक समरसता व पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। यह पहल सभी समुदायों को साथ लाकर एक हरित और स्वच्छ भारत की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम रही। वृक्षारोपण के लिए कोरबा वन विभाग द्वारा पौधों की निःशुल्क व्यवस्था की गई। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि पेड़-पौधे केवल ऑक्सीजन नहीं देते, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी विरासत हैं। संस्था का उद्देश्य केवल राहत कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाकर हर व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

### कार ने बोलेरो को मारी टक्कर, लगी आग

**कोरबा।** निहारिका घंटाघर की ओर से तेज गति में आ रही कार ने सोमवार को सुभाष ब्लॉक स्थित पोस्ट ऑफिस के पास खड़ी एक बोलेरो पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप के आगे दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।

### विशाल शोभायात्रा से होगा गणेशोत्सव का आगाज़

# 21 फुट ऊंचे गजानन, 111 फुट पद्मनाभ स्वामी मंदिर डिजाइन का पंडाल बनेगा आकर्षण का केंद्र



कटघोरा में तैयार हो रहा पद्मनाथ स्वामी मंदिर का पंडाल।



गणेश प्रतिमा जिसकी होगी स्थापना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा (अजय धनोदिया)

कटघोरा का राजा जयदेवा गणेशोत्सव समिति के द्वारा बीते कुछ वर्षों से कटघोरा नगर के मुख्य चौराहे समीप रैन बसेरा प्रांगण में गणेशोत्सव का भव्य आयोजन करता चला आ रहा है। यह समिति प्रत्येक वर्ष अपने आकर्षक पंडाल व भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा व अलग अलग स्वरूप के लिए छत्तीसगढ़ ही नही बल्कि पूरे देश मे अपनी अलग पहचान बनाने में सफल साबित होते आ रहा है जयदेवा गणेशोत्सव समिति द्वारा बीते वर्षों में अयोध्या का श्रीराम मंदिर का भव्य व आकर्षक पंडाल बनाकर पूरे राज्य में अपनी प्रसिद्धि बनाई थी तो वही पिछले वर्ष वृंदावन का प्रेम मंदिर का आकर्षक पंडाल लोगो के ह्रदय में अपनी अलग छाप छोड़ने में कोई कसर नही छोड़ी।

गणेश उत्सव का आगाज़ 27 अगस्त से हो रहा है। जयदेवा गणेशोत्सव समिति द्वारा इस उत्सव की तैयारी को लेकर पिछले काफी दिनों से शुरुआत कर दी है इस वर्ष समिति के द्वारा 111 फुट ऊंचा पंडाल पद्मनाभ स्वामी मंदिर भारत के केरल राज्य के तिरुअनन्तपुरम में स्थित भगवान विष्णु का प्रसिद्ध हिन्दू मंदिर का आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है जिसका कार्य कलकत्ता से आये निपुण कारीगरों द्वारा युद्धस्तर से किया जा रहा है वही कटघोरा का राजा की 21 फुट ऊंची आकर्षक प्रतिमा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के ग्राम थनौद स्थित राधे आर्ट गैलरी में निर्मित हो रही हैं जिसका स्वरूप 20 अगस्त को कटघोरा नगर आगमन पर आकर्षक व विशाल शोभायात्रा के साथ लोगों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इस वर्ष 20 अगस्त को कटघोरा का राजा की प्रतिमा के नगर आगमन पर जयदेवा गणेशोत्सव समिति द्वारा इसको सफल बनाने विशाल शोभायात्रा निकालने की तैयारी कर रही है इस वर्ष कसनिया से निकलने वाली इस विशाल शोभायात्रा में कटघोरा का राजा की विशाल प्रतिमा के साथ हनुमान जी की भव्य झांकी, शंखनाद, प्रसिद्ध भवानी ढोल पाठक गोंदिया महाराष्ट्र, गौरी कृपा धुमाल पार्टी दुर्ग, शहीद वीर नारायण चौक पर भव्य स्वागत के लिए स्वागत मंच इवेंट वाला द्वारा किया जाएगा साथ ही रंगोली कलाकार के द्वारा स्केटिंग रंगोली की होगी प्रस्तुति, मुख्य चौराहे पर विशाल ध्वज परिवर्तन कार्यक्रम, एमबी साउंड बालको, गौरी कृपा डीजे कटघोरा के साथ भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है इस शोभायात्रा में नगर ही नही बल्कि छत्तीसगढ़ के दूसरे जिले से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे व कटघोरा के राजा का स्वागत करने पहुंचते है समिति के सदस्यो के द्वारा किया जा रहा यह कार्य निश्चित रूप से कटघोरा का नाम को पूरे छत्तीसगढ़ में एक अलग पहचान दिलाई है।

# करतला, कोरबा ब्लॉक के आश्रम छात्रावास के छात्र मच्छरदानी से वंचित



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश के मौसम में आश्रम छात्रावासों के साफ सफाई और स्कूल शुरु होने के पूर्व आवश्यक सामग्री के वितरण के निर्देश दिए गए थे किंतु विभागीय लापरवाही के कारण शिक्षण सत्र शुरु होने के डेढ़ माह बाद भी केवल पाली और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के आश्रम छात्रावास में मच्छरदानी का वितरण हुआ है। जबकि करतला, कोरबा और कटघोरा विकासखंड में अभी भी छात्रों को मच्छरदानी का वितरण नहीं हुआ है।

ट्रायबल विभाग के स्टोर से आश्रम छात्रावास के लिए शिक्षण सत्र शुरु होने से पूर्व साफ सफाई के लिए फिनाईल जैसे आवश्यक कीटनाशक दवाईयों की सप्लाई किया जाता है। साथ ही संक्रमक बीमारियों के बचाव के लिए मच्छरदानी का वितरण किए जाने का निर्देश राज्य शासन की ओर से मिला है। उसके बावजूद ट्रायबल विभाग के स्टोर के प्रभारी की लापरवाही की वजह से तीन बड़े ब्लॉक के आश्रम छात्रावास के छात्रों को अब तक मच्छरदानी की सुविधा नहीं मिली है। अधीक्षकों के द्वारा स्वयं के खर्च पर जिला मुख्यालय आकर विभाग से सामग्री ले जाते हैं तब कहीं जाकर सामग्रियां पहुंचती हैं। वर्तमान में सर्वाधिक बारिश अंचल में हुई है। कई ग्रामीण अंचलों के आश्रम छात्रावास में बच्चों की संख्या अधिक है। उस दृष्टि से चादर, मच्छरदानी जैसे सामग्रियों की जरुरत महसूस हो रही है। विभाग के द्वारा बीमारियों के दौर में भी तरह से लापरवाही बरती जा रही है।

**183 आश्रम छातारावास हैं**

जिले में 183 पोस्ट व प्री मैट्रिक आश्रम छात्रावास संचालित हैं। जिनमें 20 हजार से अधिक छात्र छात्राएं निवासरत हैं। विभाग के द्वारा इतने अधिक संख्या में निवास करने वाले छात्र छात्राओं की सुविधा के लिए प्रतिवर्ष पलंग चादर सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण स्टोर से किया जाएगा। जिसमें स्टोर की ओर से वितरण कार्य के दौरान हील हवाला होने से शिक्षण सत्र शुरु होने के लगभग डेढ़ माह से अधिक का समय बीत चुका है और अब तक सभी आश्रम छात्रावासों में सभी सामग्रियों के नहीं पहुंचने की जानकारी सामने आ रही है।

# उपभोक्ता आयोग में ई-हियरिंग से प्रकरणों की सुनवाई प्रारंभ



कार्यक्रम में उपस्थित राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला उपभोक्ता आयोग में ऑनलाईन के माध्यम से अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने 4 अगस्त को ई-हियरिंग का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी व सदस्य राज्य उपभोक्ता आयोग प्रमोद वर्मा, श्रीमती मोना चौहान ज्वांन्टर रजिस्ट्रार छग राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर, श्रीमती मधुलिका यादव, लेखा अधिकारी राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर, डाकेश्वर शर्मा अध्यक्ष एवं सदस्य श्रीमती निरूपमा प्रधान एवं अनिल अग्निहोत्री जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर, जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर के अध्यक्ष सुजाता जायसवाल एवं सदस्य आलोक पांडेय वर्चुअली उपस्थित थे।

अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग ने कहा कि वर्चुअल सुनवाई के माध्यम से प्रकरणो के शीघ्र निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। इस डिजिटल पहल के तहत पक्षकार और वकील घर बैठे ही मोबाईल, कम्प्यूटर के माध्यम से आयोग की सुनवाई शामिल हो संकेगे। खास कर ग्रामीण व दूर दराज के क्षेत्रो में रहने वाले लोगों के लिये बेहद ही लाभदायक होगी। इससे समय, श्रम व संसाधनों तीनों की बचत होगी। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने बताया कि ई-फायलिंग पहले से ही प्रदेश के सभी जिला आयोगों में उपलब्ध थी अब ई-हियरिंग जुड़ने से छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा जहां सभी जिला उपभोक्ता आयोगो में डिजिटल सुनवाई की सुविधा आरंभ हो जाएगी। न्यायमूर्ति चौरड़िया ने कहा कि उक्त कार्य हेतु राज्य शासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है तथा उन्होंने मिडिया एवं अधिवक्ताओं से अपील की वे ई-हियरिंग की जानकारी व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर लोगों जागरूकता लाये एवं जिला आयोगो को सहयोग प्रदान करे।

**खास बात**

- अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया द्वारा वर्चुअली किया गया शुभारंभ

# 8 माह में 1 लाख 40 हजार उपभोक्ताओं के मकानों में लगाना होगा स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है जिसके लिए जिले में पिछले सवा साल से काम किया जा रहा है लेकिन जिस रफ्तार से स्मार्ट मीटर लगना चाहिए वैसा उपभोक्ताओं के घरों में नहीं लग पा रहा है। अब तक जिले में मात्र 72 हजार उपभोक्ताओं के घरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाया है जबकि जिले में 2 लाख 18 हजार उपभोक्ता हैं। मीटर लगाने की टाइम लाइन अप्रैल महीने में समाप्त हो जाएगी। ऐसे में तय समय के भीतर मीटर लग पाना नामुमकिन नजर आ रहा है।

**खास बातें**

- अप्रैल में दो साल का टाइम लाइन होगा समाप्त
- अब तक 72 हजार उपभोक्ताओं के घरों में ही लग पाया है मीटर



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि बढ़ती बिजली चोरी को रोकने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है। स्मार्ट मीटर लगाने की दिशा पर ठेका कंपनी द्वारा पिछले सवा साल पहले काम शुरू किया गया था लेकिन अब तक जिलें में मात्र 72 हजार उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लग पाया है। जिसमें शहरी क्षेत्र में 36 हजार तो ग्रामीण क्षेत्र में भी 36 हजार उपभोक्ताओ के घरों में मीटर लग पाया है। जिस रफ़्तार से मीटर लगना चाहिए उस रफ्तार से मीटर जिले मे नहीं लग पाया है। इससे विद्युत वितरण विभाग का टेंशन बढ़ गया है क्योंकि जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लाख 18 हजार उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाया जाना है।

**पेटी ठेकेदारों को समय पर नहीं हो रहा है भुगतान**

सूत्र बताते हैं कि जिले में जिस रफ्तार से स्मार्ट मीटर लगाने का काम होना था वैसा काम हो नहीं पाया। रफ्तार इतनी सुस्त है कि अब तक मात्र 72 हजार उपभोक्ताओं के घरों में ही मीटर लगा पाया है। जिसकी वजह यह बताई जा रही है कि बड़े ठेकेदारों ने ठेका तो ले लिया है और उन्होंने मीटर लगाने के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्र में अलग-अलग छोटे पेटी ठेकेदारों को मीटर लगाने का ठेका दिया गया है लेकिन कई ऐसे पेटी ठेकेदार हैं जिन्हें समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा है और उनके लाखों रुपए भुगतान पेंडिंग पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से यह रफ्तार सुस्त पड़ी हुई है। साथ ही कई इलाकों में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में मीटर लगाने को लेकर विरोध भी हो रहा है यह भी एक वजह है। जिसकी वजह से रफ्तार सुस्त पड़ी हुई है। हालांकि मीटर लगाने वाले पेटी ठेकेदार लोगों के बीच जाकर समझा कर लोगों के घरों में मीटर लगाने का काम जरुर कर रहे हैं लेकिन इसके लिए अधिकारियों को भी पहल करनी होगी। यदि भुगतान समय पर होगा तो निश्चित तौर पर ठेकेदार और भी तेजी से काम करेंगे और मीटर लगाने के काम में तेजी आएगी।

**72 हजार उपभोक्ताओं के घरों में लगा मीटर**

जिले में अब तक 72 हजार उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लग पाया है। जिले में 2 लाख 18 हजार उपभोक्ता हैं। अप्रैल महीने में 2 साल का टाइम लाइन ठेका कंपनी का समाप्त हो जाएगा। काम में तेजी लाने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है।

**-पी एल सिदार,** अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण विभाग कोरबा

# बालको में इंटक मजदूर संघ का तृतीय वार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत एल्युमिनियम मजदूर संघ (इंटक) बालको का तृतीयवार्षिक चुनाव इंटक कार्यालय में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन संघ के पंजीकृत संविधान के तहत किया गया, जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में छत्तीसगढ़ इंटक के सेक्रेटरी जनरल आशीष यादव तथा उप चुनाव अधिकारी संजय साहू महासचिव, प्रदेश इंटक उपस्थित रहे। चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गई। जिसमें डॉ.जी संजीवा रेड्डी को अध्यक्ष, डॉ.संजय कुमार सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष और जयप्रकाश यादव महासचिव को महासचिव निर्वाचित किया गया है। संघ का यह चुनाव पूर्णतः सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। नव निर्वाचित महासचिव जयप्रकाश यादव ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी मिलकर संयंत्र के विकास के साथ-साथ मजदूर हितों की रक्षा के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। सभा की समाप्ति अध्यक्षीय घोषणा के साथ हुई। इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन रमेश जांगिड़ द्वारा किया गया।

**खास बात**

- डॉ.संजीवा रेड्डी अध्यक्ष तोजय प्रकाश यादव बने महासचिव



चुनाव के दौरान उपस्थित इंटक के सदस्य।

### विश्व आदिवासी दिवस पर होंगे 5 दिवसीय कार्यक्रम

# आदिवासी संस्कृति विश्व संस्कृति की जननी: प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदिवासी संस्कृति विश्व संस्कृति की जननी है। कोरबा में विश्व का प्रथम आदिवासी शक्तिपीठ बुधवारी में स्थापित है। हमने इसके माध्यम से समाज की वैचारिक असमानता को दूर करने का काम किया है। आदिवासी शक्तिपीठ बुधवारी में विश्व आदिवासी दिवस पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 11 अगस्त को समापन समारोह का आयोजन होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन शिरकत करेंगे।



प्रेसवार्ता में जानकारी देते समिति के सदस्य।

कार्यक्रम की शुरुआत 7 अगस्त को होगी। प्रथम दिवस पांचों ब्लॉक स्तर पर अलग अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। जिसमें सामान्य ज्ञान, भाषण, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता शामिल हैं। 8 अगस्त को कबड्डी, रस्साकसी, फुगड़ी और तीरंदाजी प्रतियोगिताएं आदिवासी शक्तिपीठ में होंगी। तृतीय दिवस सामूहिक देवपूजन, कुर्सी दौड़ और दीप प्रज्वलन व आतिशबाजी होगी। चतुर्थ दिवस मेडिकल कैम्प, रक्तदान शिविर, 7 एवं 8 अगस्त के प्रतियोगिता का फाइनल आयोजन, सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता, परम्परागत आदिवासी परिधान प्रतियोगिता, कैरियर काउन्सलिंग उद्यमशीलता एवं प्रेरक व्याख्यान का आयोजन होगा। पांचवें और अंतिम दिवस 11 अगस्त को मैराथन प्रातः 7 बजे से शुरू होगी। जिसके उपरांत मंचीय कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह, कैरियर काउंसलिंग व प्रेरक उद्बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और क्विज, दोपहर को सामूहिक भोज, पारितोषण वितरण एवं अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। संध्या काल सामूहिक नृत्य व समापन समारोह आयोजित होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन होंगे। अध्यक्षता बी एस पैंकरा अध्यक्ष आदिवासी शक्तिपीठ करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि ज्योत्सना चरण दास महंत सांसद होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में फूल सिंह राठिया विधायक रामपुर, प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा, तुलेश्वर सिंह मरकाम विधायक पाली-तानाखार, जयसिंह अग्रवाल पूर्व कैबिनेट मंत्री, डॉ. पवन सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत, संजूदेवी राजपूत महापौर, सेवकराम मरावी जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज प्रमुख आदि शामिल होंगे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780



राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411